भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1325

उत्तर देने की तारीख 08 दिसंबर, 2025
17 अग्रहायण, 1947 (शक)

एसएआई का उन्नयन प्रशिक्षण केंद्र

†1325. श्री मनीष जायसवाल:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार खिलाड़ियों को आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण सुविधाएं प्रदान करने के लिए पद्मा (हजारीबाग), झारखंड में भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) प्रशिक्षण केंद्र के उन्नयन एवं पुनर्गठन पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हाँ, तो क्या उक्त केंद्र का 'क्षेत्रीय खेल केंद्र' के रूप में उन्नयन करने का प्रस्ताव है; और

(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (ग): वर्तमान में, पद्मा, हजारीबाग में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई), प्रशिक्षण केंद्र के उन्नयन और पुनर्गठन से संबंधित कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। इसके अलावा, साई प्रशिक्षण केंद्र (एसटीसी) स्कीम वर्तमान में पद्मा, हजारीबाग प्रशिक्षण केंद्र द्वारा कार्यान्वित की जा रही है, जिसके तहत स्कीम के स्वीकृत मानदंडों के अनुसार चयनित एथलीटों को विशेषज्ञ कोच, खेल उपकरण, भोजन, आवास, खेल किट, प्रतियोगिता एक्सपोजर (देश और विदेश), शैक्षिक खर्च, विविध, बीमा और आकस्मिक व्यय के रूप में सहायता/वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

*****